निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ

पत्रांक :C-1220/बा0वि0परि0/ईसीसीई/2021–22 दिनांक : 13 जनवरी, 2022

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/
प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

आप अवगत ही हैं कि वर्तमान में कोविड–19 संक्रमण के फलस्वरूप प्रदेश के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र बन्द हैं। ऐसे में विभाग द्वारा रेस्पांसिव पैरेन्टिंग के दृष्टिगत 03–06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के माता–पिता के उपयोगार्थ ''बाल पिटारा'' एप्लीकेशन विकसित की गयी है। इस एप्लीकेशन में बच्चों के विकासात्मक तथा आयुवर्ग के अनुसार 384 गतिविधियां, 32 कहानी एवं 32 कविताओं के आडियो–वीडियो संसाधनों के साथ 32 सप्ताह के कैलेण्डर का संकलन है। एप्लीकेशन की गतिविधियां सरल हैं तथा बच्चों को घर पर शिक्षण तथा विकास हेतु काफी सहायक हैं। उक्त एप्लीकेशन ''गूगल प्ले स्टोर'' पर ''बाल पिटारा'' के नाम से सर्च करते हुए इंस्टाल की जा सकती है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि कृपया अपने अधीनस्थ समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं मुख्य सेविकाओं के माध्यम से समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उक्त एप्लीकेशन इंस्टाल करने तथा गृह भ्रमण के दौरान 03–06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अभिभावकों को उक्त एप्लीकेशन इंस्टाल करने हेतु प्रेरित करने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता हेतु सुश्री खुशबू श्रीवास्तव, कन्सल्टेन्ट, यूनीसेफ से उनके मोबाईल नम्बर–8052141111 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(मो0 जफ़र खा)
उप निदेशक।

पृष्ठांकन संख्या : /तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(मो0 जफ़र खा)
उप निदेशक।